
**OSHO कहिन**

अपनी कही बातों का प्रमाण देने की आदत नहीं मुझे, जो मुझे समझते है वो मेरे भाव को समझ लेंगे और जो ना समझे, उन्हें समझाने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं !

## 11 दिसम्बर जन्मदिन !



कई लेख 1980-1990 के दशक में ख़ूब प्रकाशित हुए जैसे - " वह अकेला इक्कीस मुल्क उसके ख़िलाफ़ " ," ओशो मरेगा नहीं - ओशो मरते ही नहीं" " जैसे शीर्षक से समय समय पर लिखे ये लेख याद आते हैं।

Osho की आख़री किताब थी 'महागीता -5 ' वे उसे विश्व के विश्वविध्यालय की आख़िरी किताब कहते थे।

ओशो जो ना जन्मे ना मरें जैसा वे कहते थे या उनका मानना था कि आने वाला समय " रजनीश पूर्व - रजनीश पूर्वोत्तर " के नाम से जाना जाएगा।

900 से ज़्यादा कृतियों के कृतिकार Osho के बारे में मेरा मन कहता हैं कि" सैकडों साल आगे का पन्ना हैं 'आज ना समझेंगे उसे यूँ देखने वाले ' !


सुंदर सुजान कृपा निधान अनाथ पर कर प्रीती जो ।*
सो एक राम अकाम हित निर्बान प्रद सम आन को ।।
जाकी कृपा लवलेश ते मतिमंद तुलसीदासहूँ ।
पायो परम बिश्रामु राम समान प्रभु नाहीं कहूँ ।।

|| Ram Katha 968 - *मानस परम विश्राम || Jabalpur || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 147 | इंदौर, गुरुवार 11 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# ओशो – 'अपने ही शब्दों से लड़ने वाला वह आदमी, जिसे परिभाषित करना असंभव है'

भारत की धरती पर एक व्यक्ति ऐसा भी हुआ जिसने न किसी धर्म को स्वीकार किया,न किसी जाति, न किसी वर्ण को।

न किसी विचारधारा की कैद में रहा,

न किसी संस्था का गुलाम बना।

वह व्यक्ति था — आचार्य रजनीश ओशो।

वह अकेला ऐसा आदमी था जो अपने ही शब्दों से लड़ता था, क्योंकि उसका मानना था कि जीवन प्रतिपल बदलता है।जब जीवन बदल रहा है, ऊर्जा बदल रही है, चेतना बदल रही है—तो तुम पुरानी धारणाओं को क्यों पकड़े बैठे हो?

ओशो ने 5000 वर्षों से ढोए जा रहे भ्रामक पत्थरों को एक-एक करके तोड़ा।

उन्होंने हर पाखंड पर प्रहार किया—धर्म का हो, राजनीति का हो, समाज का हो या स्वयं का हो।

ओशो बेबाक थे—इतने बेबाक कि

उन्हें इस बात का भी डर नहीं था कि—


कौन नाराज होगा

कौन उनका विरोध करेगा

कौन उन्हें गलत साबित करेगा

कौन उनका चरित्र हनन करेगा

कौन उन्हें मारने की साजिश करेगा



वे जानते थे कि सत्य बोलना समाज में विद्रोह पैदा करता है।

लेकिन उन्होंने हर बार सत्य को चुना।

दुनिया में ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर उन्होंने बात न की हो।

गणित से लेकर विज्ञान तक, गीता से लेकर कुरान तक, बुद्ध से लेकर ईसा तक, सेक्स से लेकर समाधि तक —

हर विषय पर उनकी पकड़ इतनी गहरी कि

ओशो की व्याख्या सुनकर सोचते हैं कि

"हम इतने साल क्या पढ़ते रहे?"

क्योंकि ओशो उस गहराई तक जाते हैं कि पढ़ने वाला हिल जाता है।

ओशो को किसी भी रूप से परिभाषित नहीं किया जा सकता।

वह एक "व्यक्ति" नहीं —

एक ऊर्जा,

एक विद्रोह,

एक आईना,

और एक क्रांति थे।

**खुली चिट्ठी** पुष्पेन्द्र पुष्प

उन्होंने सिर्फ समस्याएँ नहीं बताईं — समाधान भी दियासही बताने का जोखिम सिर्फ OSHO ने उठाया।

इसलिए लोग उन्हें सुनने से डरते हैं।

क्योंकि उनकी बातों को मानना—

समाज से विद्रोह करना है।

नकाब उतारना है।

झूठ छोड़ना है।

और सबसे कठिन काम —


खुद से सामना करना है।

आज वे श्रीकृष्ण पर प्रहार करते हैं

और कल उनकी सबसे गहरी व्याख्या करते हैं।

आज वे श्रीराम की आलोचना करते हैं

और अगले ही प्रवचन में उनकी महानता



को समझाते हैं।

यह उनकी सबसे बड़ी विशेषता है —

ओशो किसी एक लाइन पर नहीं चलते।

वे दोनों पक्षों को समान दृष्टि से देखते हैं।

और यही बात आम आदमी को सबसे कठिन लगती है।

क्योंकि हम या तो अंधभक्त होते हैं या अंधविरोधी।

ओशो दोनों से मुक्त थे।

उनके जैसा कोई नहीं — और कभी कोई होगा भी नहीं

ओशो एक ऐसे दर्पण थे जिसमें खुद को देखने की हिम्मत बहुत कम लोग रखते हैं। उनकी बातों ने लाखों लोगों को झकझोर दिया, बदल दिया, नया बनाया।

आज उनका जन्मदिन है,

"उन जैसा कोई नहीं था, है, और कभी होगा।"

उनकी बातों में आग है,

उनकी दृष्टि में क्रांति है,

और उनके शब्दों में मुक्त होने की कुंजी।

**Osho ! प्रणाम !!**
**भावपुष्प समर्पयामि!!!**

(साभार )

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास तथा मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मानवाधिकार दिवस पर मिशन मानव शक्ति एवं लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के समापन पर बनायी गई मानव श्रृंखला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित वैश्विक लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा, मानवाधिकार दिवस, मिशन मानव शक्ति भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आज चिमनबाग ग्राउंड में महिला एवं बाल विकास एवं गैर सरकारी संगठन मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 57 के पार्षद श्री सुरेश टॉककलकर एवं राज्य मानवाधिकार आयोग के इंदौर मित्र श्री पराग अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।




जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषयवस्तु से परिचय करवाया गया। उपस्थित जन को कार्यस्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013 के प्रमुख प्रावधानों से परिचय करवाया गया। पार्षद ने महिला संस्कृतिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये। श्री पराग अग्रवाल द्वारा मानव अधिकार एवं महिला सशक्तिकरण को आपस में जोड़ते हुए संवैधानिक पहलुओं से अवगत करवाया गया। संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सुश्री हर्षा, शहरी परियोजना अधिकारी, सुश्री रिया जैन एवं अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, ANM, विद्यालयीन छात्र-छात्राएं, पर्यवेक्षक, वन स्टॉप सेंटर स्टाफ, गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। लगभग 1500 प्रतिभागियों की उपस्थिति में मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। एक जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में बाल विवाह के विरुद्ध शपथ एवं मानव अधिकार संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक डॉ. वंचना सिंह परिहार एवं मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री रिया जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संस्थाओं के प्रमुख एवं टीम लीडर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मानव अधिकार संरक्षण अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी करवाया गया। आभार डॉ. वंचना सिंह परिहार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

परियोजना अधिकारी श्री राजेंद्र मंडलोई, श्री रवि शर्मा, श्री प्रतीक सिंह झाला, श्रीमती ममता चौधरी, सुश्री चित्र यादव, श्रीमती मीनाक्षी हरवंश , प्रशासक वन स्टॉप सेंटर महू श्रीमती वर्षा चौहान, श्री महेंद्र पाठक, मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में समस्त भारत वर्ष में संगठन की टीम कार्यरत है।

मुख्य कार्यालय प्रभारी रिया जैन, लीगल एडवाइजर ऐश्वर्य शास्त्री, जिला सचिव डॉ. समीर खान, इंदौर शहर अध्यक्ष रीना पुरोहित, शहर अध्यक्ष बद्री प्रसाद वर्मा, शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, महासचिव जितेंद्र सिंह तोमर, सक्रिय सदस्य अनुराग शर्मा, नानूराम मंडावर, सोनम जैन, कुंती लोवंशी, चंपालाल परिहार, संदीप नागवंशी, अनिल खेतवास, उत्कर्ष अग्रवाल, बनवारी लाल लवंशी, जितेंद्र पाटीदार, सलमान अंसारी , भारती जायसवाल, पप्पू मुवेल, रुपेश पाल, विक्रांत ओबेरॉय, खुशबू, पूजा, संतोष महाजन एवं समस्त टीम उपस्थित रही।

● इंदौर के खातीपुरा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## गंदगी के बीच तिल एवं गजक बनते पाए जाने पर फैक्ट्री में खाद्य कारोबार कराया गया बंद



**सुमित गजक और कुल्फी खातीपुरा में की गई कार्यवाही, अन्य प्रतिष्ठानों पर भी की गई नमूना कार्यवाही**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुमित गजक और कुल्फी के खातीपुरा स्थित कारखाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा औचक कार्रवाई की गई।

उक्त कारखाने पर तिल एवं मूंगफली की गजक तैयार की जा रही थी। कारखाने पर अस्वच्छकर स्थितियों में गजक का निर्माण किया जा रहा था। उक्त कारखाने के संचालक सुमित शिवहरे द्वारा कारखाने का फूड लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया था। उक्त कारखाने से गुड, तिल, तिल गजक एवं मूंगफली दाना पट्टी के नमूने जाँच हेतु लिए गए। साथ ही कारखाने का फूल लाइसेंस न होने के कारण एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण परिस्थितियां पाए जाने पर निर्माण एवं विक्रय गतिविधि तत्काल प्रभाव से बंद करवाई गई तथा कारखाने को बंद करवाया गया। खातीपुरा स्थित एक अन्य संस्थान गणभोग फूड्स का निरीक्षण किया गया। उक्त संस्थान से राजगीरा लड्डू एवं तिल लड्डू के नमूने जाँच हेतु लिए गए। एक अन्य कार्रवाई में फिनिक्स सिटाडेल मॉल स्थित मोती महल डीलक्स रेस्टॉरेंट का निरीक्षण कर पनीर, चावल एवं मैदा के नमूने लिए गए हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## ढोल लेकर दुकानों पर पहुंचे निगम अधिकारी

### पीले चावल देकर दिया नेशनल लोक अदालत में आने का निमंत्रण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर निगम संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट दे रहा है। इसकी जानकारी देने के लिए बुधवार को नगर निगम की टीम ढोलक और पीले चावल लेकर राजवाड़ा क्षेत्र में दुकानों पर पहुंची।**



यहां पर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को शनिवार को लगने वाली नेशनल लोक अदालत और संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में दी जा रही छूट के बारे में जानकारी दी। साथ ही दुकानों पर पीले चावल भी रखे। नगर निगम के एआरओ अनिल निकम निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ राजवाड़ा क्षेत्र में पहुंचे। निगम की गाड़ी पर नेशनल लोक अदालत को लेकर जानकारी कापोस्टर लगा था। वहीं ढोलक वालों को लेकर वे राजवाड़ा पर अलग-अलग दुकानों पर पहुंचे। जहां उन्होंने दुकानदारों को पीले चावल दिए। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत लग रही है। इसमें संपत्तिकर और जलकर पर विशेष छूट दी जा रही है। सभी लोगों से और जितने भी करदाता है, जिनकी बकाया राशि है वे 13 दिसंबर को जोनल ऑफिस व मुख्यालय पर आकर संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में छूट पाए। जैसे लोगों को शादी में बुलाने के लिए पीले चावल दिए जाते है वैसे ही हम पीले चावल देकर लोगों को नेशनल लोक अदालत में आए और बकाया कर जमा कराने के लिए निमंत्रण दे रहे है। संभवतः मध्यप्रदेश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि पीले चावल देकर करदाताओं को न्योता दिया जा रहा है।

## दिव्या ने फैशन शो में ब्राइडल सेगमेंट में प्रथम स्थान पाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नृसिंह वाटिका में ओमीशा ग्रुप द्वारा आयोजित फैशन शो में प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज़' की प्रमुख सेलेब्रिटीज़ दिव्या राणा को ब्राइडल सेगमेंट में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। दिव्या राणा ने अपनी अदाओं और साड़ी में रेम्प पर चलकर सभी का दिल जीत लिया।कार्यक्रम की आयोजक रेणु सोलंकी और उनके ग्रुप ने दिव्या राणा को बधाई दी।आगामी 10 जनवरी को बाबाश्री गार्डन में होने वाले आइकोनिक फैशन शो व एक्सीलेंस अवार्ड नाइट में दिव्या राणा का खास परफॉर्मेंस भी हैं।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर संस्था 'आदित्य'क्रे संयोजक सचिन नीमा व उनकी टीम ने भी उनको बधाई प्रेषित की हैं। अखबार की प्रमुख सेलेब्रिटीज़ दिव्या राणा ने अपने फैशन सेंस और स्टेज प्रेजेंस से सभी को प्रभावित किया। इस आयोजन में कई लोग और महिलाओं के समूह उपस्थित थे।**





सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 147 | इंदौर, गुरुवार 11 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सेंट्रल डिवाइडर का काम देख भड़के जनकार्य प्रभारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निरंजनपुर गुरुद्वारा से देवास नाका मार्ग पर 84 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे सेंट्रल डिवाइडर के निर्माण कार्य पर बुधवार दोपहर गंभीर लापरवाही सामने आई। जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर जब मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे तो डिवाइडर की गुणवत्ता देखकर भड़क उठे।**

निरीक्षण के दौरान राठौर ने कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ा हुआ पाया, जबकि कई जगहों पर सरिए प्लास्टर से बाहर निकले हुए मिले। काम की खराब क्वालिटी देख उन्होंने मौके पर ही नाराजगी जताई और तुरंत नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव तथा अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर को फोन कर मामले की जानकारी दी। राठौर ने निर्माण में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार और संबंधित सब इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान राठौर ने कहा कि डिवाइडर पर बेहद घटिया स्तर का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा गैर-मानक निर्माण उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। राठौर के अनुसार ठेकेदार ने बीम डाले ही नहीं और नीचे मिट्टी–गिट्टी भरकर उसके ऊपर दीवार खड़ी कर दी, जिसकी मजबूती इतनी कमजोर थी कि वह "एक लात में टूट जाए" जैसी लग रही थी। राठौर ने मौके से ही नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव को फोन फोटो और वीडियो भी भेजे और उन्हें मौके पर निरीक्षण के लिए बुलाया। शिकायत के बाद जेडओ भी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का अवलोकन किया। राठौर ने बताया कि आयुक्त ने लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों की बर्बादी नहीं होने दी जाएगी और वे स्वयं सुनिश्चित करेंगे कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। इसी के लिए संबंधित फाइल भी तलब की गई है। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद अंकित चौधरी भी उनके साथ मौजूद थे। सेंट्रल डिवाइडर का काम देखने के बाद राठौर ने सिरपुर क्षेत्र का भी दौरा किया।

# PWD ने दो साल में 52 ठेकेदारों को नोटिस और 15 को ब्लैकलिस्ट किया

## मुख्यमंत्री ने की विभाग की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग (PWD) की व्यापक समीक्षा करते हुए कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास की जीवनरेखा हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर सड़क, हर पुल और हर परियोजना जनता के जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की सरकारी संकल्पना का हिस्सा है। समीक्षा बैठक में विभाग के दो वर्षों के प्रदर्शन, उपलब्धियों, नवाचारों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि विभाग ने निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औचक निरीक्षण प्रणाली को मजबूत बनाया है। इसी प्रक्रिया के तहत पिछले दो वर्षों में 52 ठेकेदारों को नोटिस जारी किए गए और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने पर 15 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया गया। मुख्यमंत्री ने इसे शून्य सहनशीलता नीति का मजबूत उदाहरण बताते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को सराहा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और औद्योगिक इलाकों में भी सड़क और अधोसंरचना विकास को समान गति मिले। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जबलपुर और ग्वालियर को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में राजमार्गों और शहरी ढांचागत सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो सकेगा। उन्होंने पर्यावरण समन्वय को विकास का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए भवन निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट, सौर ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभागीय नवाचारों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। पीएम गतिशक्ति आधारित जीआईएस मास्टर प्लान, लोक परियोजना प्रबंधन प्रणाली (LPMS), लोक निर्माण सर्वे ऐप और सड़क व भवनों की 100% जियो-मैपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों ने विभाग की कार्यक्षमता और पारदर्शिता को नई दिशा दी है। वहीं "लोकपथ एप" के माध्यम से प्राप्त 12,212 शिकायतों में से 12,166 का निराकरण कर विभाग ने 99.6% समाधान दर हासिल की है।

मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 से जुड़े कार्यों को जून 2027 तक समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अगले तीन वर्षों में राज्य वित्त पोषित एक्सप्रेसवे मॉडल के तहत उज्जैन–इंदौर, इंदौर–उज्जैन और भोपाल पूर्वी बायपास जैसे बड़े हाई-स्पीड कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे।, 600 नए 'लोक कल्याण सरोवर', 100% सौर ऊर्जा आधारित विभागीय भवन और वैज्ञानिक विश्लेषण आधारित रोड मास्टर प्लान जैसी कई बड़े स्तर की परियोजनाएं लागू की जाएंगी।

उज्जैन–सिंहस्थ 2028 के लिए 52 प्रमुख कार्यों पर 12 हजार करोड़ रुपये व्यय कर धार्मिक पर्यटन, आस्था स्थलों और शहरी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जाएगा। प्रदेश में 6-लेन एवं 4-लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का व्यापक नेटवर्क विकसित कर औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि मंडियों, लॉजिस्टिक जोन और प्रमुख शहरों को तेज गति से जोड़ा जाएगा। एनएचएआई के सहयोग से सतना–चित्रकूट, रीवा–सीधी, बैतूल–खंडवा–इंदौर, जबलपुर–झलमलवाड़ जैसे राष्ट्रीय महत्व के हाईवे का विस्तार किया जाएगा। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पारा पहुंचा 5.4, अगले दो दिन मौसम विभाग का अलर्ट

# भगवान को गर्म कपड़े पहनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर समेत पूरे मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड ने जोर पकड़ लिया है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, प्रदेश में अगले दो दिनों तक कोल्ड वेव यानी शीतलहर चलने की संभावना है।**

विशेष रूप से राजधानी भोपाल, इंदौर, विदिशा, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर जिलों में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इंसानों के साथ-साथ अब भगवान को भी ठंड से बचाने के जतन किए जा रहे हैं। शहर के मंदिरों में भगवान की दिनचर्या और साज-सज्जा में बदलाव किया गया है। तेज ठंड को देखते हुए कई मंदिरों में देवी-देवताओं को गर्म और ऊनी कपड़े



पहनाए गए हैं। मधुमिलन स्थित हनुमान मंदिर में श्री राम दरबार और भगवान गणेश की प्रतिमा को गर्म कपड़े पहनाए गए। इंदौर शहर में ठंड का असर साफ देखा जा सकता है। यहां का तापमान एक बार फिर गिरकर 5.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो सामान्य तापमान से 6.8 डिग्री कम है। दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। दिन का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से डेढ़ डिग्री कम था। पूरे प्रदेश की बात करें तो शहडोल के कल्याणपुर में सबसे कम तापमान 4.7 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा, इंदौर सहित प्रदेश के 25 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने इस कड़ाके की ठंड का कारण उत्तर भारत की तरफ से आ रही बर्फीली हवाओं और जेट स्ट्रीम को बताया है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का प्रभाव बना हुआ है, जो 222 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही है। इसी के चलते मध्य प्रदेश में सर्दी का प्रकोप बढ़ा है और कई शहरों में रात के तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम के मिजाज में सुबह और रात के वक्त ज्यादा सख्ती है। कुछ इलाकों में सुबह के समय कोहरा छाया रहता है। हालांकि, दिन में तेज धूप निकलने से तापमान में थोड़ा उछाल आता है और सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों को ठंड से राहत मिलती है, लेकिन सूरज ढलते ही रात में कड़ाके की ठंड लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही है।

# 799 पीएमश्री स्कूलों में 4.80 लाख विद्यार्थियों को मिली अध्ययन की सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष-2020 के अनुरूप 799 स्कूलों को पीएमश्री विद्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा है। इन पीएमश्री विद्यालयों में 4 लाख 80 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएँ, लायब्रेरी, खेल उपकरण और कला कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित कराकर इनको आधुनिक रूप दिया गया है। ये पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के अन्य स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये नेतृत्व कर रहे हैं। पीएमश्री स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास में दक्ष किया जा रहा है। उन्हें कॅरियर काउंसिलिंग से भविष्य में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीएमश्री योजना में 124 स्कूलों में कॅरियर काउंसलर और 137 स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर नियुक्त किये गये हैं। कक्षा 9 से 12 तक के करीब 2 लाख 41 हजार बच्चों को कॅरियर विकल्प का मार्गदर्शन दिया गया है। पीएमश्री स्कूलों में सोलर पैनल, एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती, पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर, जल और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित परम्पराओं की जानकारी देते हुए हरित स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर नहर में गिरा, तीन किसानों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** भिंड में टूटी पुलिया से एक ट्रैक्टर नहर में जा गिरा। ट्रैक्टर में सवार तीन किसानों की मौत हो गई। तीनों के शव ट्रॉली के नीचे दबे गए। हादसा जिले के लहार थाना क्षेत्र में नानपुरा गांव के पास मंगलवार देर रात हुआ। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकलवाया और हॉस्पिटल भिजवाया।मृतकों की पहचान रावतपुरा सानी गांव निवासी झींगुरी सिंह राजपूत (80), बलवीर सिंह राजपूत (70) और शिब्बू उर्फ शिवेंद्र सिंह राजपूत (35) के रूप में हुई है। ये तीनों धान बेचने के लिए उत्तर प्रदेश गए थे। मंगलवार देर शाम वापस लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे नानपुरा गांव के पास टूटी पुलिया से गुजरते वक्त अंधेरे में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सीधे नहर में पलट गया।

# ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल बस स्टैंड पर तैनात एक कॉन्स्टेबल को बस ने कुचल दिया। घटना 7 दिसंबर की है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। परिजन ने घटना वाले दिन हत्या की आशंका जताई थी। वीडियो में दिख रहा है कि कॉन्स्टेबल महेश पाठक (47) ड्यूटी कर रहे हैं। दोपहर करीब 2 बजे दादू एंड संस की तेज रफ्तार बस उनको कुचलते हुए निकल गई। घटना उस स्थान पर हुई, जहां पुलिस विभाग का भी सीसीटीवी लगा है, लेकिन यह पिछले कई महीनों से बंद है। यह क्षेत्र अत्यधिक भीड़भाड़ वाला माना जाता है। जांच के दौरान एक दुकान पर लगे सीसीटीवी में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में दिये निर्देश

# जल जीवन मिशन का कार्य निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2028 के पहले मार्च-2027 में होगा पूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जल स्रोतों में सीवरेज का दूषित जल किसी भी स्थिति में नहीं मिले और इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन मध्यप्रदेश इस कार्य को मार्च 2027 तक पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल पेश करेगा। उन्होंने कहा कि मिशन के संचालन-संधारण के लिए मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति में जल आपूर्ति प्रभावित न हो।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों और महिला समूहों को राज्य, संभाग, जिला और ग्राम स्तर पर सम्मानित किया जाए। विगत 10 वर्षों में जिन ग्रामों को जल संकट का सामना करना पड़ा है, उनकी रिपोर्ट तैयार कर उन क्षेत्रों में जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता के अनुसार जल वितरण का समय तय किया जाए, जिससे नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। मिशन के प्रभाव का विश्लेषण अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के माध्यम से कराए जाने की बात भी कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाँव के ऐसे ट्यूबवेल की सूची बनवाएं, जिनमें हमेशा पानी रहता हो और ट्यूबवेल मालिक सेवाभावी हों। जरूरत पड़ने पर इनके ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति कराने का प्रयास करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जल जीवन मिशन के कार्यों के समुचित संचालन-संधारण के लिये प्रभावी योजना बनाने की बात कही। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री श्री नीरज मण्डलोई, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी और प्रबंध संचालक जल निगम श्री के.वी.एस. चौधरी भी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि ने बताया कि अब तक प्रदेश में 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और मिशन की कुल प्रगति 72.54 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में 8.19 लाख कनेक्शन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा किया गया है और वर्ष 2025-26 में अब तक 5.50 लाख कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।




### बोरवेल दुर्घटना रोकने कानून बनाने वाला पहला राज्य

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश बोरवेल दुर्घटना रोकने के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य है। साथ ही "स्वच्छ जल से सुरक्षा अभियान" में प्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है। वर्ष 2024-25 में 12,990 करोड़ रु. का व्यय कर 92.89 प्रतिशत वित्तीय लक्ष्य हासिल किया गया है। वर्ष 2025-26 में 6,016 करोड़ रु. का व्यय किया गया है, जो 30 सितंबर 2025 तक 35.11 प्रतिशत की प्रगति दर्शाता है। प्रदेश में 21,552 ग्राम "हर घर जल" घोषित किए जा चुके हैं तथा 15,026 ग्रामों को प्रमाणित किया जा चुका है। समूह नल जल योजनाओं के माध्यम से 3,890 ग्रामों में नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है और एकल नल जल योजनाएँ 93 प्रतिशत प्रगति के साथ तेजी से पूर्णता की ओर अग्रसर हैं।

# बैरिकेडिंग में घुसकर मंत्री की नेमप्लेट पर कालिख पोती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** (बुधवार) सुबह करीब सवा सात बजे भोपाल युवा कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता 74 बंगला स्थित नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के सरकारी आवास पहुंचे और बाहर लगी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। एक दिन पहले भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बागरी के सरकारी आवास के बाहर प्रदर्शन किया था।

सतना जिले की रैगांव सीट से बीजेपी विधायक और नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के भाई गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुए हैं। भाई की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस राज्यमंत्री से इस्तीफा मांग रही है। आज मंत्री के सरकारी आवास पर पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और पुलिस की बैरिकेटिंग तोड़ते हुए नेमप्लेट पर कालिख पोत दी। जबकि प्रदर्शन का पता चलते ही पुलिस ने मंत्री के बंगले की सुरक्षा बढ़ाते हुए बैरिकेटिंग कर दी थी। इधर, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए भाई अनिल बागरी और बहनोई शैलेंद्र सिंह से पल्ला झाड़ लिया है। खजुराहो में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के दौरान मीडिया ने जब उनसे सवाल-जवाब किए तो वे यह कहकर किनारा कर गईं कि- 'कोई भी अपने आप से रिश्तेदार बना लेता है। मेरा अनुरोध है कि पहले आप उसकी पुष्टि कर लें। तथ्यों की जानकारी के बाद ही बात करें।'



### ● मेडिकल कॉलेज में 'मुन्नाभाई' कांड...

# 20 हजार के लालच में पकड़ाई डमी कैंडिडेट सानिया अली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी के प्रतिष्ठित गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में बीते मंगलवार को नर्सिंग परीक्षा की शुचिता उस वक्त तार-तार हो गई, जब एक छात्रा की जगह दूसरी युवती परीक्षा देते रंगे हाथों पकड़ी गई। चंद रुपयों के लालच में ''मुन्नाभाई'' स्टाइल में किए जा रहे इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ, जब पर्यवेक्षक ने दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। कोहेफिजा पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, जीएमसी में नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर की सप्लीमेंट्री परीक्षा आयोजित की जा रही थी। मूल छात्रा अनु कुमारी को इस परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन उसकी जगह अशोका गार्डन निवासी सानिया अली परीक्षा देने पहुंच गई। परीक्षा हाल में जब पर्यवेक्षक ने परीक्षार्थियों का सत्यापन शुरू किया तो सानिया के पास मौजूद अनु कुमारी के आधार कार्ड और सानिया के चेहरे में अंतर नजर आया। सख्ती से पूछताछ करने पर सानिया घबरा गई और फर्जीवाड़ा सामने आ गया। कॉलेज प्रतिनिधि राधिका जय नारायण ने तुरंत उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में सानिया ने बताया कि वह असली परीक्षार्थी अनु कुमारी को जानती तक नहीं है। उसे उसके मौसेरे भाई गनी ने 20 हजार रुपये का लालच देकर डमी कैंडिडेट बनने के लिए तैयार किया था। कोहेफिजा पुलिस ने सानिया अली, अनु कुमारी और मास्टरमाइंड गनी के खिलाफ धोखाधड़ी व मप्र परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि गनी अभी फरार है, उसकी गिरफ्तारी के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि क्या यह कोई संगठित गिरोह है या व्यक्तिगत स्तर पर किया गया अपराध।

# नए साल में लग सकता है बिजली का झटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में नए साल की शुरुआत बिजली उपभोक्ताओं को बिजली का करंट लग सकता है। राज्य की पावर जनरेशन कंपनी ने मप्र विद्युत नियामक आयोग के समक्ष बिजली दरों में 10 प्रतिशत तक इजाफे का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। आयोग इस प्रस्ताव पर सुझाव और आपत्तियां लेने के लिए जन सुनवाई आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। नियामक आयोग जन सुनवाई के दौरान आम जनता और हितधारकों की आपत्तियाँ सुनने के बाद ही अंतिम निर्णय देगा। फिलहाल प्रस्ताव ने उपभोक्ताओं में नए साल के बिलों को लेकर चिंता बढ़ा दी है।**

नियामक आयोग मुख्यालय में दायर याचिका में कंपनी ने दावा किया कि लगातार बढ़ रहे लाइन लॉस और वित्तीय दबाव के कारण दरों में संशोधन आवश्यक हो गया है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्तावित बढ़ोतरी की सीमा 10% तक हो सकती है, हालांकि अंतिम निर्णय जन सुनवाई के बाद ही होगा। आयोग के सूत्रों का कहना है कि कंपनी के प्रस्ताव पर प्रारंभिक अध्ययन के बाद आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। पहली सुनवाई 15 दिसंबर को होने की संभावना है, हालांकि आयोग की ओर से इसका औपचारिक कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस साल अप्रैल से ही उपभोक्ता पहले से बढ़े हुए टैरिफ का भुगतान कर रहे हैं। बीते वित्तीय वर्ष में कंपनियों ने 7.52% बढ़ोतरी की मांग की थी, लेकिन आयोग ने केवल 3.46% वृद्धि की मंजूरी दी थी। यही कारण है कि घरेलू, गैर-घरेलू और कृषि श्रेणियों में प्रति यूनिट दरें कुछ पैसों की वृद्धि के साथ लागू हुईं और फिक्स चार्ज भी बढ़ाए गए।

## संपादकीय

# मजबूत होंगे भारत इटली संबंध

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अपने उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंतोनियो तायानी से भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली आने का न्योता भेजा है। पीएम मोदी ने भी इटली की पीएम का न्योता स्वीकार कर लिया है और कहा है कि वह इटली जरूर आएंगे। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंतोनियो तायानी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपनी पीएम जॉर्जिया मेलोनी की ओर से पीएम मोदी को इटली आने का निमंत्रण दिया है, और पीएम मोदी ने इसके लिए 'हां' कह दिया है। तायानी के अनुसार, 2026 में मोदी इटली की यात्रा करेंगे। तायानी ने बताया कि पीएम मोदी के साथ उनकी बैठक बेहद सकारात्मक रही। दोनों नेताओं के बीच भारत-इटली के मजबूत संबंध, IMEC (इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर), औद्योगिक सहयोग और शांति के मुद्दों पर बात हुई। तायानी ने कहा कि यूक्रेन युद्ध पर रूस को किसी समझौते की दिशा में आगे बढ़ाने में भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, और आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करना जरूरी है। जब उनसे पूछा गया कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भारत कब आएंगी, तो तायानी ने कहा कि अभी तारीख तय नहीं हुई है, बस इतना कि यह 2026 के दौरान होगा।

**अर्ज़ किया है..!**

*शायद आ जाए कभी देखने*
*वो रश्क-ए-मसीह*
*मैं किसी और से इस वास्ते*
*अच्छा न हुआ*

-अनवर ताबाँ

## धर्म-कर्म

# जानें पौष अमावस्या की तारीख, इस दिन व्रत रखने से मिलते हैं ये फायदे



हिंदू धर्म में पौष अमावस्या का बेहद ही खास महत्व माना जाता है। मान्यता के अनुसार ये अमावस्या अपने आप में ही पवित्र और शुभ मानी जाती है। बता दें कि पौष का महीना ही अपने आप में खास है। इस महीने पड़ने वाली अमावस्या का व्रत रखने से कई लाभ मिलते हैं। पौष अमावस्या इस साल 19 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस दिन शुक्रवार पड़ेगा। माना जाता है कि इस दिन व्रत और तीर्थ यात्रा करने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। अमावस्या पर कई धार्मिक अनुष्ठान को करवाना भी शुभ माना जाता है। बता दें कि इस दिन से ही नए चंद्र मास का आरंभ होता है। इसके महत्व के बात की जाए तो इसे पितृ पक्ष के समान ही माना जाता है। तमाम लोग इसे पितृ अमावस्या के नाम से भी जानते हैं। तो चलिए इस दिन व्रत रखने से मिलने वाले फायदे के बारे में जानते हैं।

पौष मास की अमावस्या का व्रत रखने से अनगिनत फायदे मिलते हैं। आज कुछ ऐसे ही फायदों के बारे में जानते हैं।

1. बता दें कि पौष अमावस्या के व्रत को अगर सच्चे मन से रखा जाए तो इससे धन-धान्य की बढ़ोत्तरी होती है। साथ ही इस व्रत से सौभाग्य में वृद्धि होने के साथ-साथ हर काम में आने वाली बाधा भी खत्म होने लगती है।
2. बात की जाए पौष मास की अमावस्या व्रत से मिलने वाले दूसरे फायदे की तो इस व्रत को रखने वाले इंसान को धीरे-धीरे अपनी जिंदगी का उद्देश्य समझ आने लगता है। इसी के साथ व्रत रखने वाले शख्स आध्यात्म की ओर अपना कदम बढ़ाता है।
3. बात करें इस व्रत से मिलने वाले तीसरे फाददे की तो ये पापों को नष्ट करने में समर्थ्य होता है। इसी के साथ शख्स की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आने लगते हैं।
4. पौष मास की अमावस्या का व्रत रखने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है। जिन लोगों को पितृ दोष है, वो लोग इस व्रत को रखेंगे तो उनकी जिंदगी में आने वाली कठिनाई दूर होने लगती है।
5. इस व्रत को रखने से एक फायदा ये भी होता है कि इसे रखने से मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। जो लोग तनाव से घिरे रहते हैं और ओवरथिंकिंग का शिकार होते हैं, उन्हें इस व्रत को रखने के बारे में जरूर सोचना चाहिए क्योंकि इस चीज में बहुत राहत मिलती है।

# कालाष्टमी व्रत आज, नोट कर लें पूजा विधि, शुभ मुहूर्त



हिंदू धर्म में मासिक कालाष्टमी व्रत का बहुत अधिक महत्व होता है। हर माह में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर मासिक कालाष्टमी का पावन पर्व मनाया जाता है। यह तिथि भगवान भैरवनाथ को समर्पित होती है। इस दिन विधि- विधान से भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना की जाती है। कालाष्टमी को भैरवाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। पौषमाह में कालाष्टमी का पर्व आज यानी 11 दिसंबर को पड़ रहा है। भक्तजन इस दिन भैरव बाबा को प्रसन्न करने के लिए व्रत भी रखते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार कालाष्टमी व्रत रखने से हर प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह इस वर्ष की अंतिम कालाष्टमी है। भगवान कालभैरव भगवान शिव का उग्र और रौद्र रूप ही हैं। मान्यता है कि शिवजी के प्रचंड क्रोध से इनकी उत्पत्ति हुई और काशी में इन्हें कोतवाल कहा जाता है। भैरव उपासना से कालसर्प दोष, पितृ दोष, ग्रह बाधा और शत्रु भय दूर होते हैं।

**मुहूर्त-** पौष, कृष्ण अष्टमी प्रारम्भ - 01:57 पी एम, दिसम्बर 11

पौष, कृष्ण अष्टमी समाप्त - 02:56 पी एम, दिसम्बर 12, ब्रह्म मुहूर्त 05:15 ए एम से 06:09 ए एम, अभिजित मुहूर्त 11:54 ए एम से 12:35 पी एम, विजय मुहूर्त 01:58 पी एम से 02:39 पी एम, गोधूलि मुहूर्त 05:22 पी एम से 05:50 पी एम, अमृत काल 09:12 पी एम से 10:53 पी एम, निशिता मुहूर्त 11:47 पी एम से 12:42 ए एम, दिसम्बर 12।

### पूजा- विधि...

इस पावन दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं।
अगर संभव हो तो इस दिन व्रत रखें।
घर के मंदिर में दीपक प्रज्वलित करें।
इस दिन भगवान भैरव जी के साथ भी भगवान शंकर की भी विधि-विधान से पूजा- अर्चना करें।
भगवान शंकर के साथ माता पार्वती और गणेश भगवान की पूजा-अर्चना भी करें।
आरती करें और भगवान को भोग भी लगाएं।
इस बात का ध्यान रखें भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है।

### भैरव जी को प्रसन्न करने के लिए करें ये उपाय

भैरव बाबा को भोग में काले चने, जौ या कुट्टू के आटे से बनी रोटी या पकवान, गुड़, नारियल, सूजी का हलवा, बूंदी या बर्फी, सूखे मेवे और लाल फल अर्पित करना शुभ माना जाता है। सरसों के तेल का दीपक भैरव जी का विशेष प्रिय होता है, इसलिए भोग के साथ तेल का दीप अवश्य जलाया जाता है। भोग हमेशा सात्विक रूप से बनाया जाए और बिना लहसुन-प्याज का हो। अंत में "ॐ कालभैरवाय नमः" मंत्र का जप कर भोग समर्पित किया जाता है, जिससे भैरव बाबा जल्दी प्रसन्न होते हैं।

Hyderabad

# तिरुपति मंदिर में लड्डू के बाद दुपट्टा में घोटाला

**तिरुपति, (एजेंसी) आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित तिरुमला के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में लड्डू के बाद प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले दुपट्टे (अंगवस्त्रम) की बिक्री में घोटाला सामने आया है। NDTV की रिपोर्ट के मुताबिक, एक कॉन्ट्रैक्टर ने शुद्ध मुलबेरी सिल्क दुपट्टों की जगह लगातार 100% पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किए।**



बिलिंग सिल्क दुपट्टों के नाम पर ही की गई। एक पॉलिएस्टर दुपट्टे की वास्तविक कीमत लगभग 350 थी। लेकिन, तिरुमला मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् (TTD) को वही 350 का दुपट्टा 1,300 में बेचा गया। ये घोटाला साल 2015 से 2025, यानी पिछले 10 साल से चल रहा था। इस दौरान TTD ने कॉन्ट्रैक्टर को लगभग 54 करोड़ भुगतान किए। TTD बोर्ड ने चेयरमैन बी.आर. नायडू के निर्देश पर एक इंटरनल जांच शुरू की गई थी, जिसके बाद पूरा मामला सामने आया।

नायडू के अनुसार, मंदिर में दान देने वाले बड़े दानकर्ता को प्रसाद के तौर पर सिल्क दुपट्टा ओढ़ाया जाता है। इसके अलावा वेदाशीर्वचनम् जैसे पूजा-अनुष्ठानों में सिल्क दुपट्टे इस्तेमाल होते हैं। उनमें भी सस्ता पॉलिएस्टर इस्तेमाल किया गया। नायडू ने कहा कि दुपट्टों के सैंपल साइंटिफिक टेस्ट के लिए दो लैब्स में भेजे गए थे, जिनमें से एक लैब केंद्रीय रेशम बोर्ड (CSB) के तहत है। दोनों रिपोर्टों में दुपट्टे का कपड़ा पॉलिएस्टर निकला। दुपट्टों पर असली सिल्क की पुष्टि करने वाला 'सिल्क होलोग्राम' भी नहीं मिला, जो लगाना कंपलसरी थी।

New Delhi

# नडेला बोले- भारत का AI मॉडल कॉपी नहीं हो सकता

## गौतम अडाणी से मिले, माइक्रोसॉफ्ट भारत में 1.6 लाख करोड़ निवेश करेगी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और CEO सत्य नडेला अभी भारत के दौरे पर हैं, जिसकी थीम है- 'लीडिंग इन द न्यू एज ऑफ AI'। बुधवार को नडेला ने अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को नडेला PM मोदी से मिले थे और दोनों ने भारत की AI रोडमैप और ग्रोथ प्रायोरिटीज पर बात की। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 बिलियन डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए) निवेश की घोषणा की। कंपनी की प्रेस रिलीज के मुताबिक ये निवेश भारत के तेजी से बढ़ते AI इकोसिस्टम को सपोर्ट करेगा। कंपनी AI को बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से लागू करेगी, यानी हर आदमी तक इसकी पहुंच आसानी से हो जाए, इसके लिए काम करेगी। नडेला ने गौतम अडाणी से भी मुलाकात की। दोनों ने टेक्नोलॉजी के भविष्य, खासकर AI पर चर्चा की। अडाणी ने X पर पोस्ट में कहा कि नडेला से मिलना हमेशा सुखद होता है। उन्होंने आगे लिखा कि सत्य नडेला खुद जो AI एप्स बना रहे हैं, उसका डेमो भी दिखाया। उनकी टेक्नोलॉजी के भविष्य वाली बातें बहुत कीमती हैं। जैसे-जैसे AI का जमाना आ रहा है और फिजिकल-डिजिटल दुनिया एक हो रही है, हम 360 पार्टनरशिप बनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

Chhattisgarh

# टीचर्स कुत्तों के बाद अब सांप-बिच्छू भगाएंगे

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय (DPI) ने नया निर्देश जारी किया है। अब सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की निगरानी करने के साथ ही सांप-बिच्छू पर भी ध्यान रखने को कहा गया है। टीचर्स को जहरीले जीव-जंतुओं को स्कूल परिसर में आने से रोकना होगा। यह आदेश प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों और प्रधान पाठकों को दिया गया है। DPI ने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया है। वहीं आदेश को लेकर प्राचार्य और हेडमास्टर में नाराजगी है। उन्होंने इस आदेश को बेतुका बताया है।वहीं आदेश पर टीचर्स एसोसिएशन ने कहा कि सांप-बिच्छू और जहरीले जीव-जंतु से टीचर को भी खतरा हो सकता है। ऐसे जहरीले जंतुओं से शिक्षकों को कौन बचाएगा। सरकार को अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। आदेश के मुताबिक स्कूल परिसर में खेलते हुए बच्चे अगर नदी या तालाब चले जाएं और कोई घटना हो जाए, तो उसकी सीधी जवाबदेही प्राचार्य, प्रधान पाठक और शिक्षकों की होगी। स्कूल भवन जर्जर होने से छात्रों को चोट लगने पर भी यही शिक्षक जिम्मेदार माने जाएंगे।

Maharashtra

# लड़की बहिन योजना में करा लिया 12,431 पुरुषों ने रजिस्ट्रेशन

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र विधानसभा में बुधवार को महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सरकार ने माना कि करीब 8,000 राज्य कर्मचारियों को अयोग्य होने के बावजूद इस योजना के तहत मदद मिली। महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने यह भी बताया कि 12,000 से 14,000 ऐसी महिलाओं ने (जिनके बैंक खाते नहीं थे) अपने पतियों के खातों का इस्तेमाल करके इस योजना के तहत हर महीने 1,500 रुपये की रकम ली।मंत्री ने कहा कि इनमें से कई महिलाओं ने पहले ही दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ ले लिया था (जिससे वे लड़की बहिन मदद के लिए अयोग्य हो गईं), और



कहा कि अगले दो महीनों में उनके खातों की जांच की जाएगी। मंत्री ने कहा, "राज्य के अलग-अलग विभागों के करीब 8,000 कर्मचारी लड़की बहिन योजना का लाभ लेते पाए गए हैं। वे ऐसा लाभ नहीं ले सकते। राज्य सरकार ने ऐसे लाभार्थियों से रकम की वसूली शुरू कर दी है।"

खेल

# कोहली की धाक, वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर दो पर, शीर्ष पर हिटमैन रोहित

**दुबई, (एजेंसी)** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में एक बार फिर अपना दबदबा दिखाया है। आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों में भारत की बादशाहत कायम है। कोहली आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली पिछले कुछ समय से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने के बाद उनकी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा नंबर एक स्थान छिनने के बाद कोहली अब पहले पायदान से सिर्फ आठ रेटिंग पॉइंट दूर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने तीन मैचों में 302 रन जमाए। इनमें दो शतक शामिल हैं। सीरीज के आखिरी वनडे में 65* की नाबाद पारी खेलते हुए कोहली ने भारत को जीत दिलाई। इसी प्रदर्शन का असर रैंकिंग में दिखा और वह दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 2024 और 2025 के दौरान वनडे में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस सीरीज में 146 रन बनाए और अपनी शीर्ष रैंकिंग कायम रखी। कोहली और रोहित ने आईसीसी वनडे बैटिंग चार्ट में भारतीय वर्चस्व को और मजबूत किया है। शुभमन गिल ने भले ही उन्होंने वनडे सीरीज नहीं खेली, लेकिन वह अपने पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं कप्तानी संभाल रहे केएल राहुल दो स्थान चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह भारत के बल्लेबाजों की गहराई को दर्शाता है। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में भी भारत का दबदबा जारी है। कुलदीप यादव तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (13वें), अर्शदीप सिंह (20वें) और जसप्रीत बुमराह (25वें) स्थान पर पहुंचकर फायदे में रहे।

टेस्ट बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल नंबर आठ पर टिके हुए हैं, जबकि शुभमन गिल और ऋषभ पंत एक-एक स्थान ऊपर बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह पहले स्थान पर बने रहते हुए शानदार फॉर्म में हैं। उनके बाद मोहम्मद सिराज, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव भी एक-एक स्थान ऊपर आए हैं।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और तेम्बा बावुमा की रैंकिंग में सुधार हुआ है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एशेज में दो मैचों में 18 विकेट लेकर टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। इंग्लैंड की खराब बल्लेबाजी के चलते हैरी ब्रूक चौथे स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि केन विलियम्सन और स्टीव स्मिथ ने एक-एक स्थान का लाभ कमाया है।

सिनेमा

# 'धुरंधर' में 'शेर-ए-बलोच' बनकर छाए अक्षय खन्ना, पाइपलाइन में ये फिल्में, फिर मचेगा भौकाल



साल 2025 की सबसे बड़ी फिल्म बनकर उभर रही धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा रखी है. मल्टीस्टारर फिल्म के सभी कलाकारों ने उम्दा काम किया है, लेकिन स्क्रीन पर जो भौकाल अक्षय खन्ना ने मचाया है, उसका खुमार सोशल मीडिया पर देखने को मिल रहा है. रहमान डकैत के रोल में उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि हीरो रणवीर सिंह को छोड़ इंटरनेट पर अक्षय का बोलबाला हो रहा है. सरल शब्दों में कहे तो हीरो पर विलेन भारी पड़ा है. जब-जब अक्षय स्क्रीन पर आए हैं, उनके रौब और स्वैग ने दर्शकों को थियेटर्स की सीट से चिपकने को मजबूर किया है. अक्षय की गिनती इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर्स में होती है. उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक रोल किए हैं. कभी चॉकलेटी हीरो बनकर ऑडियंस को चार्म किया, तो कभी इंटेंस किरदार कर लोगों को सोचने पर मजबूर किया. आजकल वो रोल्स के साथ रिस्क ले रहे हैं, एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं. लेकिन मानना पड़ेगा वो जो भी करते हैं उसमें छा जाते हैं. धुरंधर का ये 'शेर-ए-बलोच' आगे भी अपनी परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीतते रहेगा.

## Highlights

1. Kerala MLA to appear before SIT in Sabarimala gold theft case
2. Udupi court jails 10 Bangladeshis for illegal entry using fake IDs
3. Jagan Mohan accuses TDP govt of 'cooking up' economic growth data
4. 11 Maoist leaders with ₹82 lakh bounty surrender in Maharashtra
5. DSP traps businessman in affair to extort ₹2 cr, car & hotel; he shares WhatsApp chats with her

# Gold prices up, silver hits record after US Fed delivers rate cut and leans dovish



**NEW DEIHI, (Agency).** Gold prices rose for a third day after the US Federal Reserve delivered a widely expected interest-rate cut on Wednesday, while silver climbed to a record high.

Bullion advanced as much as 0.5% to near $4,248 an ounce, with US Treasury yields and the dollar declining after the Fed's final meeting of this year. Gold prices rose 0.2% to $4,238.23 per ounce as of 9:50 am in Singapore. Silver prices climbed as much as 1.5% to a record $62.7249. Platinum and palladium gained. The Bloomberg Dollar Spot Index was down 0.1%.

The US central bank lowered rates for a third straight meeting, keeping its outlook for just one more cut in 2026, but subtly changing the wording of its statement to hint at greater uncertainty around future reductions.

The Federal Open Market Committee voted 9-3 to cut the federal funds rate by a quarter point to a range of 3.5%-3.75%. It was the first time since 2019 that three Fed officials voted against a policy decision, with dissents on both ends of the spectrum.

A dovish Fed is positive for precious metals, which typically benefit from low rates as they don't pay interest.

"It's a relief, not euphoria," said Charu Chanana, the chief investment strategist at Saxo Markets in Singapore. "The 25-basis-point cut and softer yields were largely priced in, and the split vote keeps traders from chasing it higher on the day."

Gold prices have surged more than 60% this year and silver has more than doubled, with both metals on track for their best annual performances since 1979. The scorching rallies have been underpinned by elevated central-bank buying and a retreat by investors from sovereign bonds. Holdings in Gold ETFs have risen every month this year except May, according to the World Gold Council.

# Flight disruptions: Why the key lies in promoting competition in the airline industry

**NEW DEIHI, (Agency).** The central government recently enacted the Flight Duty Time Limitation (FDTL) norms in the airline industry. The rules seek to address the issue of pilot fatigue through increased rest time and reduced landing in the night hours. The government has planned phase-wise implementation so that the airlines get adequate time to prepare for the rules. The first phase of the rules were implemented in July this year while the second and final phase was implemented in November to mitigate logistical challenges. Aftermath of the rule- A review of the Indian aviation industry before enactment of the rule is in place. IndiGo




and Air India are the two major carriers which command over 90% market share in India domestically. While Air India was able to more-or-less adapt to the rule, IndiGo was found completely off the guard. This led to a complete standstill where hundreds of flights were being cancelled leading to a meteoric price hike and delay in the travel plans. Worse off, the consumers signed up for the same carrier given that air travel is no more avoidable and lack of alternatives. The affair was such that the government had to come up with a selective waiver so that the normal schedule could be restored, even if it meant putting consumer safety in jeopardy for which the norms were pronounced in the first place. It is important to reassess the legitimacy of the proposed FDTL norms before commenting on competition. The rules ensure better rest time for the pilots and reduce the number of landings in night hours ensuring better working conditions for the pilots.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**।। बाबापण्डित।।**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक